राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3020

21 मार्च, 2018 को उत्तर के लिए

एलॉय स्टील प्लांट की पुनरुद्धार योजना

3020. श्री अहमद हसनः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने दुर्गापुर में एलॉय स्टील प्लांट का पुनरुद्धार करने हेतु इसकी रणनीतिक विनिवेश संबंधी योजना से पहले वैकल्पिक योजनाओं का मूल्यांकन किया है;

(ख) यदि हां, तो ऐसी वैकल्पिक योजनाओं का ब्यौरा क्या है और इसके आवश्यकता से कम होने के क्या कारण हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क) से (ग): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने एलॉय स्टील प्लांट (एएसपी) को प्रतिस्पर्धात्मक बनाने और वित्तीय निष्पादन सुधारने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिनमें सुविधाओं में सुधार लाने के लिए पूँजीगत निवेश करना; उत्पादन को ईष्टतम बनाना एवं उत्पाद मिश्रण को समृद्ध बनाना; प्रौद्योगिकी-आर्थिकी पैरामीटरों में वृद्धि करना; और कच्ची सामग्री एवं फिनिश्ड इस्पात के संवहन के लिए लॉजिस्टिक लागत में कमी करना इत्यादि शामिल है।

तथापि, सेल द्वारा कई कदम उठाए जाने के बावजूद भी एएसपी संयंत्र पुराना होने की वजह से उत्पादन लागत अधिक होने, कम उत्पादकता होने, जनशक्ति लागत उच्च होने, प्रतिस्पर्धा बढ़ने और माँग में कमी होने इत्यादि के कारण विगत पाँच वर्षों के दौरान निरंतर हानियाँ अर्जित करता रहा है।

*****